तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 24 अगस्त 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 प्रदर्शन, स्वास्थ्य कर्मियों ने पीपीई किट पहनकर सड़क की सफाई कर मांगी भीख



## खबर संक्षेप

### बुंदेली में श्याम अखाड़ा महोत्सव 30 से

**कोरबा।** ग्राम बुंदेली स्थित श्री श्याम अखाड़ा परिसर में इस वर्ष का 11वां श्री श्याम अखाड़ा महोत्सव 30 अगस्त को भव्य रूप से मनाया जाएगा। श्रद्धा और उल्लास से परिपूर्ण यह आयोजन न केवल भक्ति रस में डुबोएगा बल्कि मानव सेवा का भी अद्भुत संदेश देगा। इस संबंध में आयोजक समिति ने जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रमों की शुरुआत अखण्ड ज्योत प्रज्वलन से होगी। इसके बाद चुनरी उत्सव, इत्र वर्षा, छप्पन भोग और दरबार सेवा जैसे धार्मिक अनुष्ठान होंगे। श्रद्धालुओं के लिए श्री श्याम रसोई की विशेष व्यवस्था रहेगी, जिससे हर आगंतुक को बाबा का प्रसाद उपलब्ध हो सके। समिति का कहना है कि मानव सेवा ही माधव सेवा है, यही हमारे आयोजन की मूल भावना है। महोत्सव का मुख्य आकर्षण भजन संध्या होगी, जिसमें देशभर से नामचीन कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से भक्तिरस की गंगा बहाएंगे। देर रात तक श्याम दरबार भक्ति गीतों की गूंज से सराबोर रहेगा।

### श्री रामकथा महोत्सव 22 सितबंर से

**कोरबा।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां भवानी मंदिर परिसर में 22 सितंबर से 30 सितंबर तक श्री राम कथा महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। साथ ही मानस मंदिर का भव्य लोकार्पण पद्म विभूषण तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य पूज्य रामभद्राचार्य महाराज के करकमलों से होगा। मानस मंदिर का निर्माण पूज्य माताजी ज्योति पांडे, चंद्रकिशोर पांडेय, पुत्र मोहन के संकल्प से पूरा हो पाया है। यह मंदिर माता कौशल्या के गोद में बैठे प्रभु श्री राम की अद्भुत छवि है। इस मंदिर के दीवारों में रामचरित मानस के श्लोक और चौपाइयां उकेरी गई है, जो गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित है और यह मंदिर भारत का पहला मंदिर होगा। यह मंदिर आध्यात्मिक शांति और भक्ति के लिए महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल होगा, जो आगंतुकों को रामायण की आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ेगा यह एक आस्था का केंद्र होगा।

### घर में घुसा कोबरा किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** सोनपुरी गांव में रहने वाली नागेश्वरी रजवाड़े उस समय सहम गई, जब वह अपने घर में पूजा कर रही थी तभी अचानक एक कोबरा घर में घुस गया, वह इतने बड़े सांप को देखते ही घर के दूसरे कमरे के अंदर भाग गई। आसपास के लोगों को उसने फोन के माध्यम से जानकारी दी कि उसके घर में सांप घुस गया है। आनन फानन में लोग उसके घर पहुंचे और उसे भगाने का प्रयास किया, उसमें सफल नहीं हुए। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम के प्रमुख जितेंद्र सारथी को दी। जिस पर जितेन्द्र सारथी वहं पहुंचे और 6 फीट के कोबरा को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया। जितेंद्र सारथी ने कहा कि सांप हमारे पर्यावरण का के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए उनको मारने के बजाय हमें सूचना दे ताकि हम सही समय पर पहुंच कर लोगों के साथ एक बेजुबान जीव को बचा पाएं। उन्होंने कहा कि सर्प दंश हो तो बिना देरी किए अस्पताल ले जाए ताकि सही समय पर उपचार हो सके, झाड़ फूक के चक्कर में न रहें।

### बोईदा रासेयो ने चलाया नशा मुक्त भारत अभियान

**हरदीबाजार।** बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशा से पूर्ण मुक्ति हेतु अभियान चलाया गया। राजेन्द्र कुमार नायक कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ युवाओं को नशा से दूर रखना परम दायित्व है के साथ इससे होने वाले भयानक दुर्दशा के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया धूम्रपान,मद्यपान के साथ धुंआ युक्त बीडी, सिगरेट व खैनी चबाने से होने वाले विभिन्न प्रकार के बीमारी व परेशानी से बचने के टिप्स दिए गए।

# कुसमुंडा ब्लॉक स्टेशन यार्ड रीमॉडलिंग को रेल संरक्षा आयुक्त से मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर


रेल संचालन में तकनीकी दक्षता और संरक्षा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल द्वारा उरगा-कुसमुंडा ब्लॉक स्टेशन के मध्य 12.63 किलोमीटर लंबी बायपास लाइन का निर्माण छत्तीसगढ़ ईस्ट-वेस्ट रेल कॉरिडोर के तहत किया जा है। इसके अंतर्गत उरगा स्टेशन पर 27 जुलाई को नई केंद्रीयीकृत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कर यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है।

कुसमुंडा ब्लॉक स्टेशन में यार्ड रीमॉडलिंग कार्य हेतु रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह स्वीकृति उरगा–कुसमुंडा नई द्वि-दिशात्मक लाइन को कुसमुंडा ब्लॉक स्टेशन से जोड़ने के लिए दी गई है। उरगा-कुसमुंडा नई लाइन की सफलतापूर्वक कनेक्टिविटी हेतु कुसमुंडा ब्लॉक स्टेशन में एनआई का कार्य शीघ्र किया जाएगा। इस कार्य के पूरा होते ही उरगा–कुसमुंडा ब्लॉक स्टेशन के मध्य नई कोरबा बायपास लाइन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इस उपलब्धि से इस क्षेत्र में रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और उरगा–कुसमुंडा सेक्शन में ट्रेनों के निर्बाध संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा। माल एवं यात्री गाड़ियों के परिचालन में और अधिक दक्षता तथा सुविधा सुनिश्चित होगी साथ ही समय की बचत के साथ परिचालन कुशलता भी सुनिश्चित होगी। लाइन क्षमता में वृद्धि होगी और यातायात सुगमता के साथ-साथ क्षेत्र के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। कोयला लोड गाड़ियों के बढ़ते दबाव के कारण यात्री गाड़ियों के आवागमन में बार बार खड़ी होने वाली लेट लतीफी की समस्या से इस व्यवस्था के लागू होने के बाद राहत मिलेगी।

## उरगा-कुसमुंडा डबल लाईन जोड़ने के लिए चल रहा कार्य

**खास बातें**

- रेल संचालन तकनीकी दक्षता और संरक्षण की दिशा में चल रहा काम



## जिले में 7 हजार राशनकार्ड किए जाएंगे निरस्त

# खाद्यान्न नहीं उठाने वाले और मृत हितग्राहियों के राशनकार्ड को निरस्त करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अब ऐसे हितग्राहियों के राशनकार्ड निरस्त किए जाएंगे जो महीनों से खाद्यान्न का उठाव नहीं कर रहे हैं या फिर मृत हो चुके हैं ऐसे हितग्राहियों की खाद्य विभाग ने राशनकार्ड के भौतिक सत्यापन के जांच के बाद जो सूची तैयार की है उसमें ऐसे हितग्राहियों की संख्या लगभग 7 हजार सामने आयी है।

**खास बात**

- खाद्य विभाग ने भौतिक सत्यापन के बाद तैयार की सूची

खाद्य विभाग की पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न उठाव के मामले को लेकर बोगस राशनकार्ड सहित कई ऐसी शिकायतें आ रही थी जिसमें महीनों से लोग राशनकार्ड से खाद्यान्न का उठाव नहीं कर रहे थे और ऐसे भी हितग्राही थे जो राशनकार्ड बनाने के बाद क्षेत्र को छोड़कर कहीं और चले गए हैं। इसके साथ ही कई हितग्राही मृत हो चुके हैं उसके बावजूद उनके राशनकार्ड पीडीएस दुकान के रिकार्ड में जीवित बताए जा रहे थे। ऐसी तमाम विसंगतियों को देखते हुए राज्य शासन की ओर से मिले निर्देश के तहत विभाग ने पीडीएस दुकानों के माध्यम से जब ऐसे राशनकार्ड का भौतिक सत्यापन कराना शुरु किया तो चौकाने वाले मामले सामने आये। जिसके आधार पर अब इन राशनकार्डों को निरस्त करने की कार्यवाही चल रही है और सूची भी तैयार कर ली गई है। ऑनलाइन रिकार्ड से ऐसे राशनकार्ड डिलिट कर दिए जाएंगे जिसके बाद इनके नाम से खाद्यान्न का आबंटन पीडीएस दुकानों में नहीं होगा। निरस्त होने वाले राशनकार्ड की संख्या शहरी और उपनगरीय क्षेत्रों में ज्यादा हैं।



खाद्यान्न लेने कतार में खड़े हितग्राही।

### इन नियमों के तहत होंगे निरस्त

खाद्य विभाग के द्वारा राज्य शासन से मिले निर्देश के तहत जिन नियमों के आधार पर राशनकार्ड को निरस्त करने की कार्यवाही शुरु की है उन नियमों के तहत जो हितग्राही 6 माह से अपने राशनकार्ड में खाद्यान्न का उठाव नहीं किया है उन राशनकार्डों को निरस्त किया जाएगा। इसी तरह जो हितग्राही राशनकार्ड बनवाने के बाद उसमें दिए गए पते पर निवास नहीं कर रहे हैं और उनके द्वारा भी शहर के किसी पीडीएस दुकान से खाद्यान्न का उठाव नहीं किया गया है वे कार्ड भी निरस्त होंगे। इसके अलावा कुछ हितग्राही मृत हो चुके हैं उनके परिजनों के द्वारा अपने नाम से राशनकार्ड बनाये हैं लेकिन मृत व्यक्ति के नाम से बने राशनकार्ड को निरस्त नहीं कराया है ऐसे कार्ड भी निरस्त होंगे। निरस्तीकरण की कार्यवाही में ऐसे राशनकार्ड भी शामिल किए गए हैं जिन्होंने कभी भी ऑनलाइन या आफलाइन राशनकार्ड की केवाईसी नहीं करायी है।

### मेरी मर्जी योजना का भी नहीं ले रहे लाभ

राशनकार्ड हितग्राहियों के लिए शासन के द्वारा मेरी मर्जी योजना लागू की गई है। इस योजना अंतर्गत हितग्राही अपने राशनकार्ड से शहर के किसी भी दुकान से खाद्यान्न का उठाव कर सकते हैं। देखने में यह आया है कि सैंकड़ों हितग्राही ऐसे है जिन्होंने मेरी मर्जी योजना का लाभ ही नहीं लिया। साथ ही अपनी दुकानों से खाद्यान्न का उठाव भी नहीं किया है ऐसे राशनकार्ड भी निरस्त होंगी।

### जांच के दौरान दो स्थानों में बने राशनकार्ड आये सामने

खाद्य विभाग ने जब राशनकार्ड की भौतिक सत्यापन की कार्यवाही शुरु तो ऐसे हितग्राही भी सामने आये जिन्होंने जिले में राशनकार्ड बनाने के साथ प्रदेश के अन्य जिलों में राशनकार्ड बनाए हैं इसके अलावा कुछ हितग्राहियों ने छग प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों में भी राशनकार्ड बनाए हैं। आधार लिंक से ऐसे राशनकार्डों की जांच पड़ताल की गई और भौतिक सत्यापन के दौरान ऐसे राशनकार्डों को निरस्तीकरण की सूची में शामिल किया गया है।

### निरस्तीकरण की कार्यवाही शुरु की गई

राशनकार्ड के निरस्तीकरण की कार्यवाही शुरु की गई है। ऐसे हितग्राहियों के राशनकार्ड निरस्त किए जा रहे हैं जिन्होंने कभी भी खाद्यान्न का उठाव नहीं किया गया या फिर कहीं और चले गए हैं तथा दो स्थानों में राशनकार्ड बनाए हैं। अभी तक 7 हजार राशनकार्ड ऐसे मिले हैं जिनको निरस्त किया जाएगा। यह संख्या आगे बढ़ भी सकती है।

**-घनश्याम कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

# दूध व्यापारी संघ का गठन बढ़ेंगे दूध और खोवा के दाम


दूध व्यापारी संघ के गठन होने के बाद उपस्थित सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में दूध व्यवसायियों की गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कटघोरा दूध व्यापारी संघ का गठन किया गया।

**खास बात**

- 26 अगस्त से असहमति पर दूध वितरण बंद करने की दी चेतावनी

संगठन की कार्यकारिणी का चुनाव भी संपन्न हुआ, जिसमें चैतराम यादव को अध्यक्ष, जितेंद्र सारथी को उपाध्यक्ष, सभापति यादव को सचिव तथा मोहम्मद अनस को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कटघोरा दूध व्यवसायी संघ ने बैठक में सर्व सहमति से दूध और खोवा के दाम तय नए दर निर्धारित किये गए जिसमें दूध एवं दूध से बने उत्पादों के दाम पर सहमति बनाई गई। तय मूल्य इस प्रकार हैं, खोवा (160 ग्राम तक): 49 रुपये, खोवा (180 ग्राम तक): 55 रुपये, गाय, का दूधः 60 रुपये प्रति लीटर, भैंस का दूधः 70 रुपये प्रति लीटर का नई दर लागू करने का निर्णय लिया गया। संघ ने नगर और आसपास के सभी होटल संचालकों एवं डेयरी मालिकों से अपील की है कि वे इन निर्धारित दरों पर सहमति प्रदान करें। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 25 अगस्त 2025 तक नई दरों पर सहमति नहीं बनती है, तो 26 अगस्त से कटघोरा क्षेत्र में दूध वितरण पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। संघ का कहना है कि लंबे समय से बढ़ती लागत और पशुपालन पर आने वाले खर्च को देखते हुए यह कदम उठाना आवश्यक हो गया था।

### सतनामी कल्याण समिति के निर्वाचन की घोषणा 24 को

**कोरबा।** सतनामी कल्याण समिति के चुनाव कराने के लिये समिति की आम बैठक में आरपी खाण्डे को मुख्य चुनाव अधिकारी तथा हरदेव कुर्रे एवं संजय मिरी को सहायक चुनाव अधिकारी बनाया गया है। समिति के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा 24 अगस्त की शाम 4 बजे सतनाम भवन ट्रांसपोर्ट नगर में आम बैठक आयोजित किया गया है।

# बारिश ने विद्युत व्यवस्था की खोली पोल आधा दर्जन से अधिक इंसुलेटर खराब



ट्रासफार्म और इंसूलेटर का किया गया मरम्मत कार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अल सुबह से हो रही झमाझम बारिश हो रही है। बारिश की वजह से जनजीवन फिर से एक बार बुरी तरह से प्रभावित होने लगा है। खास तौर पर बारिश की वजह से विद्युत व्यवस्था की पोल एक बार फिर खुल गई और जगह-जगह इंसुलेटर पंचर हो गए, तो कहीं ब्रस्ट हो गए और कहीं तार टूट कर गिर गए। जिसकी वजह से कई इलाकों में अंधेरा छाया रहा। हालांकि विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी लगातार बारिश में भी मेंटेनेंस करने में जुटे रहे और लगातार मेंटेनेंस का विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में लग रहे।

उल्लेखनीय है कि बारिश थमने से एक बार फिर से गर्मी और उमस बढ़ गई थी और लगातार उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे। जिसकी वजह से लोग अपने-अपने घरों में पंखे सहित अन्य उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे थे और लगातार विद्युत विभाग में बिजली का लोड बढ़ता ही जा रहा था, लेकिन एक बार फिर से शुक्रवार की देर रात मौसम ने अचानक करवट बदली और शुक्रवार की रात से जिले में झमाझम बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश की वजह से जनजीवन प्रभावित होने लगा और शहर के अलग-अलग जोन में विद्युत व्यवस्था सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों की मानें तो बारिश की वजह से पाड़ीमार जोन में 7 से अधिक स्थानों में इंसुलेटर ब्रस्ट हो गए थे, तो कहीं जंफर कट गए थे, जिसकी वजह से विद्युत व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो गया था। इसी तरह कई स्थानों पर तार टूट कर गिर गए थे, जिसकी वजह से शहर के कई इलाकों की विद्युत व्यवस्था बुरी तरह से अस्त व्यस्त हो गई थी। विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों ने बारिश में ही विद्युत व्यवस्था को बहाल करने का काम शुरू किया और घंटों कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में सफलता पायी। बारिश की वजह से विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को व्यवस्था को दुरुस्त करने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बारिश आया व्यवधान

शहर के पाड़ीमार जोन के अंतर्गत सात स्थानों में इंसुलेटर ब्रस्ट हुए थे, तो तुलसीनगर और दर्री जोन में भी कई स्थानों में जंपर टूटा था तो कहीं तार टूटकर गिर गए थे। बारिश की वजह से बिजली व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हुआ था, लेकिन वितरण विभाग की टीम ने सभी स्थानों में पहुंचकर व्यवस्था को पुन: बहाल कर दिया है।

**-रोशन लाल वर्मा,** डीई, विद्युत वितरण विभाग, शहरो

**खास बात**

- शहर के सभी जोन में बिजली की आंख मिचौली से लोग रहे परेशान

### डेली नीड्स दुकान में चोरी

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र के मुड़ापार मुख्य मार्ग पर स्थित देवांगन डेली नीड्स की दुकान में चोर ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है और दुकान में रखे नकदी रकम सहित अन्य सामनों की चोरी की है। हालांकि चोर की हरकतें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोरी की दूसरी घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र के एसईसीएल पंप हाउस कॉलोनी में हुई। यहां सीएसईबी के पूर्व प्रभारी के क्वार्टर से उनकी बेटी की साइकिल चोरी हो गई। दोनों मामले की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हाथियों का झुंड पहुंचा साल्ही पहाड़ धान की फसल को किया चट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। पसान रेंज के पनगंवा गांव में सक्रिय हाथियों का झुंड केंदई रेंज के सिरमिना सर्किल में स्थित साल्ही पहाड़ पहुंच गया है। हाथियों के झुंड को यहां विचरण करते हुए तथा चिंघाड़ लगाते देखा गया। इसके बाद वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई।

विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गई है। साल्ही पहाड़ के आसपास गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में 44 हाथी आ गए हैं, जो कभी भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से सावधानी बरतने तथा उनसे दूरी बनाए रखने कहा है। हाथियों के गांव के पास आने पर उसे देखने की चेष्टा न करें, बल्कि वन विभाग को तत्काल सूचित करें ताकि विभागीय अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही कर सके। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों ने साल्ही पहाड़ में पहुंचने से पहले रास्ते में पाली दुल्लापुर सहित अन्य गांवों में कई किसानों की धान की फसल को तहस-नहस कर दिया है, जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### चलती ट्रेन में यात्री का मोबाइल लूटा, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चलती ट्रेन में दरवाजे के पास खड़े होकर मोबाइल में बात कर रहे यात्री के हाथ में लाठी मारकर मोबाइल लूटने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार लिया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, अकलतरा निवासी सतीश रात्रे पिता कैलास रात्रे 20 अगस्त को हसदेव एक्सप्रेस के जनरल बोगी में सवार होकर अकलतरा जा रहे थे। वे दरवाजे के पास खड़े होकर मोबाइल में बात कर रहे थे। ट्रेन धीमी गति से चल रही थी। हेमूनगर ओव्हरब्रिज के पास एक युवक ने उनके हाथ में डंडे से हमला कर दिया। जिससे मोबाइल नीचे गिर गया। उसके बाद युवक मोबाइल लेकर फरार हो गया था। शनिवार को पुलिस ने तोरवा अन्नपूर्णा कालोनी निवासी प्रवीण कुमार पिता बरातू यादव 19 साल को पकड़कर मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 304, 2 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### गांजा सप्लायर तस्कर ओडिशा से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मस्तूरी पुलिस ने ओडिशा में दबिश देकर जिले में बड़ी मात्रा में गांजा सप्लाई करने वाले तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि 1 जुलाई को मस्तूरी पुलिस ने जयरामनगर रलिया मोड़ पर घेराबंदी कर कार सवार पंधी निवासी नीरज वर्मा उर्फ मोनू 20 साल को पकड़कर 20 किलो गांजा बरामद किया था। उससे पूछताछ के बाद गांजा मंगाने वाले गनियारी निवासी विनोद वर्मा को पकड़कर जेल भेज दिया था। विनोद वर्मा से पूछताछ करने पर उसने ओडिशा के तस्कर का नाम खुलासा किया था, जिससे वह गांजा खरीदकर मंगाता था। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने एण्ड टू एण्ड कार्रवाई के लिए ओडिशा में पतासाजी कर गांजा तस्कर आखूजा महानंद को पकड़कर शहर लाया गया। शनिवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बस से कुचलकर बुजुर्ग महिला की मौत

**बिलासपुर।** महाराणाप्रताप चौक पर सड़क पार कर रही बुजुर्ग महिला को बेलगाम बस ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने बस जब्त कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तिफरा विद्युतनगर निवासी सादिन बाई रात्रे 65 साल अपने बेटी के साथ रहती थी और भीख मांगकर जीवन यापन कर रही थी। शनिवार की शाम 6 बजे वह महाराणाप्रताप चौक पर सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान गौवरपथ से तिफरा जाने के लिए ब्रिज की ओर जा रही बस क्रमांक सीजी 10 बीजे, 0993 के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बुजुर्ग महिला को चपेट में ले लिया, बस का चक्का चढ़ने से महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों की भीड़ लग गई और ट्रैफिकजाम हो गया। ड्यूटी तैनात ट्रैफिक के जवानों ने बस सहित ड्राइवर को पकड़ लिया। तत्काल बुजुर्ग महिला का शव उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। वहीं बस सहित ड्राइवर को सिविल लाइन पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

### थोक व्यापारियों ने छोटे व्यापारी को पीटा


**बिलासपुर।** सामान खरीदना बंद करने पर थोक व्यापारियों ने एक छोटे व्यापारी के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया, नीरज मिश्रा व्यापार विहार में पान मशाला की दुकान चलाते हैं। पूर्व में वे व्यापार विहार स्थित थोक पान मशाला दुकान से सामान खरीदते थे। उसके बाद उन्होने वहां से पान मसाला खरीदना बंद कर दूसरे से सस्ते में पान मशाला का सामान खरीदना शुरू कर दिया। जानकारी होने पर शनिवार को थोक व्यापारी संजय आहूजा, योगेश आहूजा, रवि डोडवानी उनके दुकान में जाकर दूसरे से पान मसाला खरीदने पर गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**जांच नहीं होने अभिभावकों में चिंता** | **पिछले एक पखवाड़े में ही 10 से अधिक घटनाएं और वारदात या तो स्कूल में हुए हैं या फिर स्कूल के बाहर**

# स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा चिंता का विषय, कई कमेटियां हैं, लेकिन सब कागजों में

**बिलासपुर।** स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा चिंता का विषय बनती जा रही है। जिस तरह स्कूलों में बच्चों के साथ अपराध हो रहे हैं या कोई बड़ी घटना घटित हो रही है, उसने अभिभावकों के साथ ही पूरे समाज को विचार करने पर मजबूर कर दिया है।

बिलासपुर में पिछले एक पखवाड़े में ही 10 से अधिक घटनाएं और वारदात या तो स्कूल में हुई हैं या फिर स्कूल के बाहर। इसमें स्कूली छात्रों पर चाकू से हमला, मारपीट और एक दूसरे पर दबंगई दिखाना शामिल है। जानकारों का कहना है कि स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, बाल आयोग, शिक्षा विभाग द्वारा आदेश व दिशानिर्देश जारी किए जाते रहे हैं, नीति बना ली जाती है लेकिन स्कूलों में ऐसे लागू करना सबसे अहम काम है।




समाजशास्त्री बृजेन्द्र शुक्ला के मुताबिक स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है, क्योंकि यह उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, साथ ही उनकी शिक्षा पर भी असर डालता है। स्कूलों का रवैया कुछ इस प्रकार है कि जब तक स्कूल परिसर में छात्र के साथ कोई जुर्म हो ना जाए, तब तक वो छात्रों की सुरक्षा के बारे में सोचते तक नहीं हैं। नियमानुसार तो हर स्कूल में पाक्सो कमेटी, बुलिंग कमेटी, डिसीप्लिनरी कमेटी, चाइल्ड प्रोटेक्शन कमेटी, स्कूल सेफ्टी कमेटी व अन्य कमेटियां होनी चाहिए, यह सब लेकिन कागजों में है। यहां तक कि स्कूल के बाहर एक 'शिकायत पेटी' का भी प्रावधान है, परंतु जैसा कि हमेशा से ही देखा गया है अधिकांश स्कूलों में ये सभी कमेटियां नदारद हैं या फिर केवल कागजों की शोभा बढ़ा रही हैं।

### बस्ते की जांच करने कहा गया है

स्कूलों में इस तरह हो रही घटनाएं चिंताजनक हैं। स्कूल प्रबंधनों को हिदायत दी गई है कि परिसर में प्रवेश से पहले प्रत्येक बच्चे के बैग और बस्ते की जांच की जाए। भारतमाता में हुई घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं।

– **विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी

### इन बातों पर ध्यान देना जरूरी

- स्कूलों में प्रवेश और निकास द्वार पर निगरानी, अजनबियों का प्रवेश प्रतिबंधित करना, और आपातकालीन योजनाएं
- स्कूलों में प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी होने चाहिए जो बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद कर सकें
- बच्चों, शिक्षकों और कर्मचारियों को सुरक्षा खतरों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में जागरूक करना चाहिए
- स्कूलों की जिम्मेदारी है कि वह छात्रों को सुरक्षित महसूस कराए और दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करे
- स्कूलों में आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए जैसे कि नशीली दवाओं का उपयोग और चोरी में सख्त कदम उठाने चाहिए
- यदि स्कूलों में कोई आपराधिक गतिविधि होती है, तो मामले को दबाने की बजाय इसकी तुरंत रिपोर्ट पुलिस में करनी चाहिए
- स्कूलों को माता-पिता और समुदाय के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके

### स्कूलों में सुरक्षा आडिट बहुत जरूरी

सीयू की प्रोफेसर श्रीमती अनुपमा सक्सेना के मुताबिक स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाना, खासकर प्रवेश और निकास द्वार, गलियारों और खेल के मैदानों में, अपराधों को रोकने और अपराधियों की पहचान करने में मदद कर सकता है। स्कूलों में नियमित रूप से सुरक्षा ऑडिट करना जरूरी है जिससे की यह सुनिश्चित हो सके की सुरक्षा उपाय प्रभावी हैं और किसी भी कमी को दूर किया जा सके। स्कूलों को अपनी साइबर सुरक्षा को मजबूत करना चाहिए, क्योंकि ऑनलाइन अपराध भी बच्चों के लिए खतरा बन सकते हैं। स्कूलों को छात्रों और कर्मचारियों के लिए मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करनी चाहिए, खासकर उन लोगों के लिए जो दुर्व्यवहार या उत्पीड़न का अनुभव करते हैं।

### इन घटनाओं ने चिंतित होने पर मजबूर किया

- तारबाहर क्षेत्र निवासी 11 वीं का छात्र पर चाकू से हमला
- एक अन्य स्कूली छात्र के माफी न मांगने पर चाकू से हमला, इलाज के दौरान मौत
- जन्माष्टमी पर्व पर सरकंडा क्षेत्र के मोपका में मटकी फोड़ने के दौरान युवक पर धारदार हथियार से हमला, कारण स्कूल के बाहर मारपीट



रायपुर रोड पर अतिक्रमण हटाते कर्मचारी।



अवैध रूप से बनाए गए मकान को ढहाता निगम का बुलडोजर।

**अवैध पार्किंग पर खड़े वाहनों को पहुंचाया थाने**

# रायपुर रोड पर अवैध अतिक्रमण हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रायपुर रोड पर चकरभाठा में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए यहां सड़क किनारे व्यावसाय करने वाले अवैध अतिक्रमण को तोड़ा गया ।

उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशानुसार और कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम बिल्हा के मार्गदर्शन में शनिवार को नयापारा चौक बोदरी से चकरभाठा ब्रिज तक एवं रहंगी मोड़ बोदरी से उच्च न्यायालय आवासीय परिसर तक जाने वाली सड़क अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क किनारे दोनों तरफ फलों, सब्जी एवं अन्य सामग्री आदि के ठेले, गुमटी, चकरभाठा स्थित दुकानों के दुकानदारों द्वारा सड़क पर पोस्टर एवं शेड तैयार कर सामान बाहर रखकर व्यापार करने वाले अतिक्रमण को हटाया गया। पोस्टर, शेड को नगरपालिका बोदरी के दस्ते द्वारा जब्त की कारवाई की गई । थाना प्रभारी द्वारा चकरभाठा थाने में खड़ा कराया गया। उक्त कार्रवाई सुबह 8 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक की गई। इस कार्रवाई में तहसीलदार बोदरी संदीप साय, नायब तहसीलदार बोदरी ओमप्रकाश चंद्रवंशी, थाना प्रभारी चकरभाठा उत्तम साहू, सीएमओ भारती साहू, राजस्व विभाग के टीम पटवारी , कोटवार आदि उपस्थित रहे।




**तिफरा घुरू में कार्रवाई**

# अवैध प्लाटिंग पर फिर चला निगम का बुलडोजर

**रोड,नाला,बाउंड्रीवाल और निर्माणाधीन मकान को तोड़ा गया**

नगर निगम ने एक बार फिर अवैध प्लाटिंग पर बड़ी कार्रवाई की है। शहर के तिफरा, घुरू में बिना अनुमति,ले आउट, डायवर्सन के जमीन को टुकड़ो में बेच रहे चार प्रोजेक्ट पर कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के तहत इन अवैध प्लाटिंग में बनाए गए सड़क, नाली और बाऊण्ड्रीवाल को जमींदोज कर दिया गया है, इसके अलावा निर्माणाधीन अवैध मकान को भी तोड़ा गया है।

तिफरा में खसरा क्रमांक 142 एवं उसके अन्य भाग में लगभग 2.5 एकड़ में लक्ष्मीनाथ साहू द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसी तरह घुरू में खसरा क्रमांक 607/5 दीपक कुमार कौशिक, खसरा क्रमांक 592/166 लव कुमार, कुश कुमार और खसरा क्रमांक 607/41 में जयप्रकाश द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही थी,जिस पर निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर निगम ने कार्रवाई किया। आज की कार्रवाई में भवन अधिकारी अनुपम तिवारी,जोन कमिश्नर भूपेंद्र उपाध्याय, सब इंजीनियर जुगल सिंह, हितेश मककड़, राघवेद्रसिंह, रवि नवरंगे समेत राजस्व विभाग का अमला एवं अतिक्रमण की टीम शामिल थी

# तीन चाकूबाज, 6 जुआरी सहित 18 बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सिविल लाइन सीएसपी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई

लोगों की शिकायतों पर बीती रात सिविल लाइन पुलिस ने मिनीबस्ती, तालापारा, उसलापुर क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाकर 3 चाकूबाज, 6 जुआरी सहित 18 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अभियान से तीनों क्षेत्रों में हड़कंप मचा हुआ था।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर शुक्रवार की रात सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने लोगों से मिलने वाली शिकायतों के आधार पर जरहाभाठा मिनीबस्ती में दबिश देकर चिन्हांकित बदमाशों के घरों में दबिश दी। जांच के बाद तीन लोगों को पकड़कर उनके पास से चाकू बरामद किया गया है। उसके बाद तालापारा में दबिश देकर जुआ खेलते 6 जुआरियों को पकड़ा गया है। फिर उसलापुर क्षेत्र में दबिश देकर पुड़ियों में गांजा, अवैध शराब बेचने व देर रात तक घूमने वाले बदमाशों को पकड़कर पूछताछ की गई। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।



### पकड़े गए चाकूबाज

- सेवन कुमार पात्रे पिता संतोष कुमार पात्रे 22 साल जरहाभाठा मिनीबस्ती
- राम जोशी पिता दुकालू जोशी 20 साल जरहाभाठा मिनीबस्ती
- विशाल डहरिया पिता दिनेश डहरिया 20 साल जरहाभाठा मिनीबस्ती

तालापारा से पकड़े गए जुआरी

- सलामान खान पिता रफीक खान 30 साल
- अतिक खान पिता रफीक खान 30 साल
- सागर हुमने पिता देवानंद हुमने 23 साल
- सूरज नवरंग पिता पुनीत नवरंग 21 साल
- संजय बघेल पिता राधेश्याम बघेल 19 साल
- त्रिलोक बघेल पिता राधेश्याम बघेल 19 साल



### पकड़े गए संदिग्ध

- पवन निर्मलकर पिता पुसउराम निर्मलकर 38 साल उसलापुर
- परमेश्वर निर्मलकर पिता पुसउराम निर्मलकर 34 साल उसलापुर
- अभिषेक पटेल पिता सीताराम पटेल 40 साल उसलापुर
- ईश्वर दास पिता ईतवारी दास 27 साल अमेरी
- दिनेश गेंदले पिता धनीराम गेंदले 34 साल जरहाभाठा मिनीबस्ती
- अरविंद यादव पिता अर्जुनराम यादव 20 साल क्रांतिनगर
- आर्यन बरडोले पिता श्याम बरडोले 19 साल तालापारा
- साहिल जिज्ञासी पिता अनुप जिज्ञासी 19 साल सिंधी कालोनी
- अविनाश बोरकर पिता बसंत बोरकर 32 साल मगरपारा

## सब्जी व्यापारी बुजुर्ग चाचा से मारपीट करने वाला आरोपी भतीजा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तिफरा सब्जी मंडी में सब्जी व्यापारी बुजुर्ग चाचा से मारपीट करने वाले भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स निवासी मिश्री लाल कश्यप 70 साल तिफरा सब्जी मंडी में कमीशन एजेंट का काम करते हैं। 21 अगस्त को शाम 5.30 बजे वे अपनी दुकान में बैठे हुए थे। इसी दौरान उनका भतीजा तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स निवासी विमल कश्यप आया और जमीन बेचने की बात को लेकर उनके साथ गाली गलौज करने लगा। उन्होंने गाली देने से मना किया तो उन्हें व बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर धक्का देकर जमीन में गिरा दिया, जिससे उनकी दाहिनी कोहनी में चोट आई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर भतीजा के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 2, 115, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। शनिवार को पुलिस ने हमलावर विमल कश्यप को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से वह जमानत पर रिहा हो गया है।

## चाकू मारकर छात्र की हत्या फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पैर छूकर माफी नहीं मांगने से चाकू मारकर छात्र की हत्या करने के मामले में पुलिस ने फरार एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके पूर्व में 7 आरोपियों को जेल भेजा गया था।

ज्ञात हो कि कस्तूरबानगर निवासी महेश यादव पिता विशाल यादव कक्षा बारहवीं का छात्र था। पूर्व में स्कूल में उनका स्कूल में समीर अंसारी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी बात को लेकर 1 अगस्त को रात करीब 10 बजे उसे समीर अंसारी राजीव गांधी चौक में मिलने बुलाया और पै छूकर माफी मांगने को कहा, महेश यादव ने मना किया तो समीर अंसारी अपने दोस्तों के साथ एक राय होकर मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया था। 18 अगस्त को इलाज के दौरान रायपुर में महेश की मौत हो गई थी। शनिवार को पुलिस ने मामले में फरार आरोपी तालापारा निवासी साबिर उर्फ समीर खान पिता साजिद खान 21 साल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूर्व तालापारा निवासी समीर अंसारी, कृष्णा उपाध्याय, तैय्यब, मो जुनैद, मुस्तकी उर्फ इमू, सैय्यद अहमद उर्फ राजा, अब्दुल नाजिद खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। मर्ग डायरी मिलने के बाद मामले में हत्या के बीएनएस की धारा 103 जोड़ लिया गया है।

## जेल से छूटने के बाद दो दुकानों में की चोरी, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जेल से छुटने के बाद गोंड़पारा के दो दुकान में चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।

ज्ञात हो कि 19 अगस्त की रात जबड़ापारा निवासी विजय पोपटानी के गोंड़पारा आर्य सामाज भवन स्थित मोबाइल से 9 हजार रुपए व 8 नग चार्जर चोरी हो गया था। उसके बाद 20 अगस्त की रात उनके बगल के चाट भण्डार दुकान में धावा बोलकर चोरों ने गल्ले से 5 हजार रुपए चोरी कर लिया गया था। पुलिस अपराध कायम कर सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो एक युवक संदिग्ध रूप से घूमते नजर आ रहा था। शुक्रवार की रात कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर, गोकुल जांगड़े, रत्नाकर राजपूत पेट्रोलिंग कर रहे थे। पुलिस गाड़ी को देखकर एक युवक भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर हददेव लाल मंदिर के पास रहने वाले रोशन गिरी गोस्वामी पिता राजू गिरी गोस्वामी 19 साल को पकड़ लिया। फुटेज का मिलान करने पर वहीं चोरी करने वाला युवक निकला। कड़ाई बरतने पर उसने दोनों दुकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया। बताया जाता है पूर्व में वह चोरी के मामले में जेल गया था। जमानत में छूटने के बाद फिर से चोरी करने लगा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## 24 घंटे बाद बरामद किया गया युवक का शव

**सीतापुर।** नहाने के दौरान बांध में डूबे 32 वर्षीय युवक का शव बरामद कर लिया है। घटना के बाद चलाए सर्च अभियान के दौरान 24 घंटे बाद एसडीआरएफ ने शव को बरामद किया है। पुलिस द्वारा मृतक के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

- बांध में डूबने से हुई मौत, एसडीआरएफ ने चलाया अभियान

बता दें कि ग्राम बंगरकालो जामढोढ़ी निवासी 32 वर्षीय सुलेश मरावी आ अंतराम मरावी गुरुवार दोपहर एक बजे अपनी मां, बहन बहनोई एवं बेटे के साथ कोटछाल बांध में नहाने गया हुआ था। नहाने के दौरान फिसलकर युवक बांध के गहरे पानी मे चले जाने की वजह से डूब गया था। घटना के बाद पुलिस व एसडीआरएफ की टीम द्वारा युवक के शव की तलाश की जा रही थी लेकिन दिनभर चलाए अभियान के बाद भी युवक का शव नहीं मिल पाया था। शुक्रवार को एसडीआरएफ की टीम ने फिर से सर्च अभियान चलाया। इस दौरान गोताखोरों की मदद से घंटों चले अभियान के बाद युवक का शव बरामद किया गया। पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द किया गया है।



## दो हजार रुपए के लिए महिला पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** दो हजार रुपए के लिए पड़ोसी महिला पर टांगी से वार कर हत्या का प्रयास करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मणिपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मठपारा निवासी रेशम बाई 19 अगस्त को अपने घर में थी। इस दौरान पड़ोसी युवक इश्वर चौबे महिला के पास आया और जबरन 2 हजार रुपए मांगने लगा। जब महिला ने रुपए देने से मना किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे टांगी से महिला पर हमला कर दिया। महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच की। इस दौरान पुलिस ने पुलिस ने दरिमा नवानगर व हाल मुकाम मठपारा निवासी 36 वर्षीय ईश्वर चौबे आ. स्व. संग्राम चौबे को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर दिया। आरोपी पुलिस को बताया कि महिला ने अपने उपचार के लिए 2 हजार रुपए रखा था जिसे आरोपी मांग रहा था और जब महिला ने रुपए देने से मना किया तो आरोपी ने टांगी से वार कर महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया और 11 हजार रुपए लूटकर फरार हो गया। आरोपी ने लूट की रकम को खर्च कर दिया।

## विंटर शेड्यूल में मिले हैदराबाद की उड़ान, सरकार करे पहल

**बिलासपुर।** अलायंस एयर को हैदराबाद के लिए रूट मिल चुका है, ऐसे में हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने विंटर शेड्यूल के लिए फ्लाइट की मांग दोहराई है।

समिति ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि विंटर शेड्यूल 28 सितंबर से लागू हो रहा है। अलाइंस एयर एवं विभिन्न अन्य एयरलाइन कंपनियों से तत्काल संपर्क कर इस रूट के लिए फ्लाइट शुरू करने की पहल की जानी चाहिए। एक साल पहले ही स्लॉट मंजूर किया गया है, लेकिन अलायंस एयर की ज्यादातर फ्लाइट मैंटनेंस के कारण चल रही है, ऐसे में कंपनी विमान उपलब्ध नहीं करा पा रही है। ऐसे में सरकारें अन्य कंपनियों से संपर्क साध के विंटर शेड्यल में हैदराबाद की फ्लाइट शुरू करा सकती है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के धरने में शेख अल्फाज, गोपी राव, नारद श्रीवास, डेनियल चौधरी, अशोक भंडारी, शिव मुदलियार, चंद्र प्रकाश जायसवाल, अनिल गुलहरे, चंद्रहास शर्मा और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।




### इन कंपनियों के विमान का परिचालन संभव

इंडिगो के पास 48 एटीआर विमान है ,इसके अलावा स्पाइसजेट के पास 30 विमान हैं। दोनों कंपनियां बिलासपुर के रनवे पर अपनी फ्लाइट लैंड व टेकऑफ़ करा सकती हैं।

## खबर संक्षेप



### विपेन्द्र बनाए गए छग प्रदेश के चेयरमेन

**कोरबा।** कुछ दिन पूर्व धनबाद में राष्ट्रीय अखबार वितरक महामंच का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ था, जिसमें छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की जिला इकाई के संरक्षक पद्मसिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर एवं सचिव जय कुमार नेताम को अखबार वितरक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। महासम्मेलन के बाद राष्ट्रीय अखबार वितरक मंच ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया जिसमें पद्मसिंह चंदेल को राष्ट्रीय वितरक महामंच द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के चेयरमेन नियुक्त किया गया है, वहीं जिलाध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी (शहरी) का दायित्व दिया गया है। उक्ताशय का नियुक्ति पत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह ने जारी किया गया है। इसके अलावा अन्य प्रदेश प्रभारियों की भी घोषणा की गई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला सचिव जयकुमार नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, तपेश्वर राठौर, रामा, अनिल गिरी, राय सिंह, राजकुमार पटेल, कृष्ण निर्मलकर, मुरित कश्यप, दिनेश वैष्णव, राघवेंद्र, दिलीप यादव, सुधीश गिरी, रघु, पंकज, शिवम, हर्ष नेतमा, अज्जू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### पहाड़ी कोरवा छात्रों को मिल रही बेहतर शिक्षा

**कोरबा।** ग्राम पंचायत बड़गांव के आश्रित ग्राम लामपहाड़ की पहचान भले ही अब कठिन राह पर मुश्किल सफर की नहीं रही, लेकिन बड़ी संख्या में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा ही यहाँ की पहचान अभी भी है। शहर से बहुत दूर घने जंगलों के आसपास निवास करने वाले पहाड़ी कोरवाओं को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने शासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में यहाँ विद्यालय का संचालन किया जा रहा है।

## निधन

### श्रीमती शकुंतला तिवारी



**उमरेली।** उमरेली निवासी शिक्षक हेमन्त तिवारी एवं देवेंद्र तिवारी व प्रकाश तिवारी की माता जी श्रीमती शकुंतला तिवारी (80 वर्ष) का निधन बीते 20 अगस्त को हो गया। वे अपने दो पुत्र, तीन पुत्रियों, पोता, पोती से भरा पूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम उमरेली में किया गया। इस दौरान परिजन सहित ग्रामवासी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### शहर के अलग अलग चौक चौहारों में बेतरतीब की जाती है पार्किंग

# नो पार्किंग जोन में ट्रेलर खड़ा करना पड़ा महंगा, पुलिस की गिरी गाज



नो पार्किंग में खड़ी वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अक्सर यह देखने को मिलता है कि सड़क पर नो पार्किंग जोन पर ट्रेलर चालक लापरवाही पूर्वक सड़क के बीचों बीच अपने ट्रेलरों को पार कर देते हैं। जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था बाधित हो जाती है। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए पुलिस वाहनों को लॉक करने की कार्रवाई कर रही है। लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ धारा 283 के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सड़क हादसों को रोकने के लिए यातायात पुलिस लगातार सड़क पर काम कर रही है। साथ ही सड़क पर बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वाले ट्रेलर चालकों को के खिलाफ पुलिस सख्ती से कार्यवाही भी कर रही है। शनिवार को यातायात एएसआई मनोज राठौर व उनकी टीम ने दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मेजन ध्यानचंद चौक में तीन ट्रेलर चालकों ने सड़क में ही ट्रेलर वाहनों को पार कर दिया गया था, जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था बाधित हो रही थी। यातायात पुलिस ने नो पार्किंग जोन में खड़े तीनों ट्रेलर चालकों के खिलाफ धारा 283 के तहत कार्रवाई कर मामले को बालको पुलिस के सुपूर्द कर दिया है। यातायात एएसआई मनोज राठौर ने कहा कि पुलिस की टीम सर्वमंगला क्षेत्र में भी इसी तरह की कार्रवाई कर रही है। लगातार ट्रेलर वाहन चालकों को हिदायत भी दी जा रही है कि वे नो पार्किंग जोन में अपनी वाहनों को पार्किंग न करें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ब्लैक फिल्म के खिलाफ पुलिस कर रही ताबड़तोड़ कार्रवाई



त्यौहारी सीजन के मद्देनजर पुलिस पूरी तरह से सजग हो चुकी है और शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बहाल करने पुलिस चौक चौराहों में लगातार कार्यवाही कर रही है। जहां खास तौर पर चार पहिया वाहन में ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही कर रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस पिछले कई दिनों से शहर में ब्लैक फिल्म और बिना नंबर प्लेट के वाहन दौड़ाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इस कड़ी में शनिवार को यातायात एएस मनोज राठौर, रामनारायण रात्रे व उनकी टीम ने शहर के अलग-अलग क्षेत्र में ब्लैक फिल्म लगाकर खर्राटे भरने वाले चार पहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है। पिछले कुछ दिनों के दौरान पुलिस ने एक दर्जन से अधिक चार पहिया वाहनों के खिलाफ ब्लैक फिल्म उतारने की कार्रवाई की है।

### पुलिस ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में चलाया जागरूकता अभियान

समय-समय पर आमजन को जागरूक करने पुलिस द्वारा विभिन्न अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पॉलिटेक्निक कॉलेज रूगड़ा बालको में एक विशेष जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में साइबर सेल कोरबा, यातायात पुलिस एवं महिला सेल की टीमों ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। साइबर सेल द्वारा साइबर अपराध एवं फ्रॉड के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इसमें डिजिटल अरेस्ट, एपीके फाइल इंस्टॉलेशन, ओटीपी शेयरिंग, बैंक संबंधी ठगी, सोशल मीडिया से जुड़े अपराध आदि विषयों पर विस्तार से बताया गया। साथ ही राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं मोबाइल चोरी, गुम होने पर शिकायत के बारे में भी जानकारी दी। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को जानकारी दी कि अगर किसी के साथ ऑनलाइन ठगी होती है तो वह तुरंत नजदीकी थाने में या 1930 नंबर पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। महिला सेल ने छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी। साथ ही गुड टच और बैड टच की विस्तृत जानकारी देकर छात्राओं को आत्मरक्षा और सजगता के लिए प्रेरित किया।

## कार्यकर्ताओं ने उद्योग मंत्री देवांगन का किया स्वागत



उद्योग मंत्री का स्वागत करते कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन को अतिरिक्त दो विभागों का मंत्री बनाए जाने से जिले के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता में उत्साह की लहर दौड़ गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कैबिनेट मंत्री का जगह-जगह स्वागत किया गया। इसी कड़ी में संजीव कुमार अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पीडब्ल्यूडी रामपुर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता कैबिनेट मंत्री का स्वागत करने पहुंचे और उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजु देवी राजपूत, भाजपा प्रदेश मंत्री ऋतु चौरसिया, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश निकिता जायसवाल, जोगेश लाम्बा, अशोक चावलानी, नरेंद्र देवांगन प्रफुल तिवारी, मनीष मिश्रा, योगेश मिश्रा, राजेश राठौर, दिलेन्द्र यादव, ज्योति वर्मा,शिव चंदेल, किशन साव, बृजेश यादव, लक्की नंदा और अजय चंद्र, मनोज मिश्रा, पवन सिन्हा , सरजू अजय, राजेश लहरे ,दीनू महाराज, पार्षद, भाजपा जिले के कार्यकर्ता, सभी मोर्चा के पदाधिकारी, महिला मोर्चा, सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आरटीओ उड़नदस्ता ने पोला त्यौहार पर सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाने जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न लोक पर्वों को शासन के विभिन्न विभाग अपने स्तर पर अपने कार्यों को इससे जोड़ती हुई दिख रही है। इसी क्रम में परिवहन विभाग ने भी अपनी सहभागिता एवं सक्रियता सुनिश्चित करने प्रदेश के अतिरिक्त परिवहन आयुक्त के निर्देश पर कोरबा परिवहन उड़नदस्ता प्रभारी संदीप गुप्ता एवं उनके अधीनस्थ प्रवर्तन द्वारा आम जनमानस में छत्तीसगढ़ी कृषक परंपरा के लोकपर्व पोला त्यौहार को सड़क सुरक्षा से जोड़ते हुए रोचक तरीके से मनाया गया। आम जनता को अपने गाय बैलों को सड़क पर न छोड़ने की सलाह दी गई। आरटीओ उड़नदस्ता प्रभारी संदीप गुप्ता ने कहा कि इसी प्रकार के लोक सांस्कृतिक पर्वों पर विभाग के सृजनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## कृषि संसाधन की पूजा हुई पोला तिहार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भाद्रपद अमावस्या को लोक परंपरा और विश्वास के साथ समाज जीवन से जुड़े लोगों ने कोरबा व आसपास में पोला पर्व मनाया। इस अवसर पर कृषि संसाधनों के साथ नन्दी बैलों की पूजा की गई। उनके योगदान के उपकार को रेखांकित करना इसका एक उद्देश्य था।

प्राचीन कालखंड से भाद्रपद अमावस्या को पोला पर्व मनाने की परंपरा रही है। कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण अंचल में इस त्यौहार पर कृषक समुदाय ने अपने कृषि संबंधी उपकरणों के साथ-साथ नंदी बैलों की पूजा की और उन्हें पकवान अर्पित किए। कृषक समुदाय ने अपने घरों में विधिपूर्वक नंदी अथवा उनके प्रतिको को रख पूरी आस्था के साथ पूजा अर्चना की। इसके साथ यह दर्शाने का प्रयास किया गया कि जिनके माध्यम से कृषि संबंधी कार्य संपन्न होते हैं और प्रगति सुनिश्चित होती है उनकी भूमिका को मान्यता देना आवश्यक है। सुबह से दोपहर तक विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार की परंपरा का निर्वहन हिंदू समाज के द्वारा किया गया। बताया गया कि भले ही आधुनिकता का समावेश वातावरण में हो गया है लेकिन इन सब के बावजूद लोकाचार अपनी पुरानी जड़ों से मजबूती से जुड़ा हुआ है। कृषक वर्ग ने बताया कि भारत की प्रगति में कृषि का अपना खास योगदान होता है और जो फैक्टर इसके लिए बेहद खास है उनका ध्यान रखना हमारा नैतिक कर्तव्य बनता ही है।

## डीएमएफ तथा सीएसआर से होगा मड़वारानी धार्मिक स्थल का विकास, श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने कोरबा चाम्पा मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माँ मड़वारानी मंदिर स्थल का दौरा किया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों और मंदिर से संबंधित समिति के सदस्यों से चर्चा की। समिति की सदस्यों और अन्य ग्रामीणों द्वारा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानियों से कलेक्टर को अवगत कराते हुए विभिन्न मांग रखी गई। समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि के समय यहाँ हजारों श्रद्धालुओं का आना होता है। इसके साथ ही अन्य दिनों में भी आसपास सहित दूरदराज के श्रद्धालु देवी के दर्शन सहित अपनी मनोकामना और आस्था के मद्देनजर आते हैं। यहाँ उन्हें विश्राम और लंबी कतार होने पर गर्मी के दिनों में धूप में तथा बारिश के दिनों में बारिश में खड़ा होना पड़ता है। गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या भी उतपन्न होती है।

## हेल्थ प्लस

### घर पहुंच निःशुल्क जांच सेवा से बुजुर्गों को मिल रहा बड़ा लाभ



**कोरबा।** समाज के स्तंभ रहे बुजुर्गों की सेवा को प्राथमिकता देते हुए न्यू कोरबा हॉस्पिटल ने एक अनूठी पहल की है। अस्पताल ने 31 अगस्त तक घर-घर पहुंचकर वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार सेवा शुरू की है। यह सुविधा विशेष रूप से उन बुजुर्गों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो शारीरिक अक्षमता, बीमारियों या अकेलेपन के कारण अस्पताल नहीं पहुंच पाते। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, कोरबा शहर के 10 किलोमीटर के दायरे में यह सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 50 से अधिक बुजुर्गों का पंजीयन किया जा चुका है और डॉक्टरों व नर्सिंग टीम ने उनके घर पहुंचकर उपचार संबंधी सेवाएं दी हैं। अधिकांश मरीज 70 वर्ष से अधिक आयु के हैं, जो ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग और जोड़-दर्द जैसी समस्याओं से जूझ रहे थे। सेवा का लाभ लेने वाले बुजुर्गों और उनके परिजनों ने न्यू कोरबा हॉस्पिटल की इस पहल की दिल से सराहना की है। उनका कहना है कि इस प्रयास से न केवल उपचार आसान हुआ है, बल्कि बुजुर्गों के चेहरों पर आत्मीय संतोष और मुस्कान भी लौटी है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना सबकी जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ यह कदम उठाया गया है ताकि कोई भी वरिष्ठ नागरिक केवल साधन या दूरी के अभाव में इलाज से वंचित न रह जाए। शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास के जरूरतमंद बुजुर्गों को इस सुविधा की जानकारी दें और उन्हें घर बैठे जांच व उपचार का लाभ दिलाएं।

### सिद्धि विनायक अस्पताल ने जटिल ऑपरेशन कर बचाई मरीज की जान



**कोरबा।** सिद्धि विनायक अस्पताल में एक 45 वर्षीय महिला, जो सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई थीं, का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। इस पॉलीट्रॉमा केस में मरीज को दोनों जांघ, बाएँ कूल्हे, बाएँ पैर तथा बाएँ हाथ की कलाई पर गंभीर चोटें आई थीं। कुल मिलाकर मरीज को 9 अलग-अलग फ्रैक्चर हुए थे। अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने चरणबद्ध तरीके से कई जटिल ऑपरेशन किए और टीम वर्क तथा समर्पण के बल पर मरीज की जान बचाने में सफलता पाई। यह सिद्धि विनायक अस्पताल के लिए एक गर्व का क्षण है कि इतनी जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. शतदल नाथ ने इस सफलता का श्रेय पूरी टीम के कठिन परिश्रम और निष्ठा को दिया। उन्होंने कहा हमारी चिकित्सा टीम ने पूरी लगन और समर्पण के साथ इस चुनौतीपूर्ण केस को संभाला। भविष्य में भी यदि हमें ऐसे अवसर मिलते हैं, तो हम निश्चय ही इसी तरह की उपलब्धियाँ हासिल करेंगे। डॉ.नाथ ने कहा कि इस सफलता के पीछे उनकी माता श्रीमती सती नाथ का आशीर्वाद और प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि उनकी माता सदैव उन्हें मानव सेवा और समाज कल्याण के लिए प्रेरित करती रही हैं। साथ ही उन्होंने अपने माता-पिता के सहयोग और मार्गदर्शन को ही अपनी चिकित्सा यात्रा की असली शक्ति बताया। यह उपलब्धि सिद्धि विनायक अस्पताल के लिए एक गौरवशाली क्षण है और यह सिद्ध करता है कि उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा, विशेषज्ञता और टीमवर्क से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

## कटघोरा विधायक ने विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



भूमिपूजन करते विधायक श्री पटेल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा विधानसभा के ग्राम बतारी में 65.78 लाख के डीएमएफ फंड से विकास से विकास कार्यों का भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा संपन्न हुआ। सर्वप्रथम विधायक प्रेमचंद पटेल ने धरती माता की पूजा-अर्चना कर श्रीफल तोड़ कर गैंती चलाकर विधिवत पूजन किया। सीसी रोड निर्माण मेन रोड से बस्ती तक बतारी 30 लाख रुपए, दो आँगनबाड़ी भवन निर्माण लागत 23.38 लाख रुपए, पीडीएस गोदाम निर्माण लागत 12.40 लाख रुपए से निर्माण होना है। विधायक श्री पटेल ने कहा कि कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं होगी। राज्य की भाजपा विष्णु देव साय की सरकार विकास के पक्षधर हैं,जिसका परिणाम यह है कि निरंतर हम सभी मिलकर नित्य नए विकास गढ रहे हैं । इससे आप सभी ग्रामवासियों को सुविधा और लाभ मिलेगा। इस अवसर पर युवा आयोग के पूर्व सदस्य रघुराज सिंह उईके सरपंच, राजू स्त्रोते मंडल अध्यक्ष जवाली, श्रवण तंवर सरपंच, शिवगणेश, मुकेश जयसवाल, मन्नु सांई राठौर सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।






## खबर संक्षेप

### सफाई कर्मचारियों का बोनस डकारने वाले अधिकारी व ठेकेदार पर हो कार्रवाई



**कोरबा।** लगातार सफाई कर्मचारी के केंद्रीय दर वेतन एवं बोनस की मांग की जा रही थी और अन्य संगठन सिस्टा ने भी यह मांग विभाग को आवेदन प्रस्तुत किया जिसे लेकर एसईसीएल के कार्मिक निर्देशक हेड क्वाटर बिलासपुर द्वारा 5 दिसंबर 2024 को पत्र जारी कर समस्त मुख्य महाप्रबंधक को निर्देशित किया कि ठेका सफाई कर्मचारी को बोनस जल्द से जल्द दिया जाए लेकिन कोरबा क्षेत्र, दीपका, गेवरा, कुसमुंडा में आज तक सफाई कर्मचारीयो बोनस वितरण नहीं किया गया है और ठेकेदारों का बिल भुगतान अधिकारी अपने कमिशन के कारण कर रहे हैं अपने उच्च अधिकारी के आदेश का पालन करना भी उचित नहीं मान रहे हैं। जिसके कारण सफाई कर्मचारीयो में काफी आक्रोश है। हमारे द्वारा लगातार सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक की जा रही है। एक माह के भीतर बोनस वितरण नहीं किया गया तो सीएमडी कार्यालय बिलासपुर हेड क्वाटर का घेराव की रणनीति बनाई जाएगी।

### बुलेट में सवार होकर 12 महिला राइडर्स ने लगाई आजादी की दौड़



**कोरबा।** एक बार फिर बुल्स ऑन व्हील्स की रोमांचक राइड के माध्यम से राइडर्स ग्रुप के 70 सदस्यों ने राष्ट्रीयता का संदेश दिया। खास बात यह रही कि इस टीम में पहली बार एक साथ 12 महिला राइडर्स ने बुलेट पर सवार होकर आजादी की दौड़ लगाई। राइडर्स ने शहर से रैनखोल तक 40 किलोमीटर की दूरी तय की और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति से लबरेज साहसिक यात्रा पूरी की। राइडर्स ग्रुप की राइड की कमान रॉयल एनफील्ड कैलाश ऑटो एजेंसी के डायरेक्टर आलोक दिवाटे ने संभाली। यह यात्रा 15 अगस्त को रॉयल एनफील्ड कैलाश ऑटो एजेंसी के राइडर कोरबा से रैनखोल व्यू पॉइंट तक की गई। राइड में 70 लोगों ने भाग लिया, जिसमे 12 फीमेल राइडर ने भी सहभागिता निभाई।

### बाबा गणिनाथ के बताए मार्ग पर चलना पुनीत कार्य : गोपाल



**कोरबा।** शाह समाज द्वारा आज बाबा गणिनाथ के 24वें वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन ढेंगूरनाला के समीप बाबा गणिनाथ मंदिर प्रार्थना में किया गया। जहां भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी बतौर अतिथि उत्सव में शामिल हुए जहां शाह समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों द्वारा श्री मोदी का स्वागत किया। श्री मोदी ने बाबा गणिनाथ के मंदिर में दर्शन लाभ लेकर माथा टेका और जिले वासियों की प्रगति व उन्नति के लिए प्रार्थना किया। श्री मोदी ने शाह समाज को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गणिनाथ के बताएं मार्ग पर चलना पुण्य का काम है और ऐसे कार्य सभी समाज के लोगों को करना चाहिए ताकि सभी समाज के लोग अपने महान समाजिक गुरुओं एवं इष्ट देवी देवताओं के बारे में अच्छी तरह से जाने और उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर समाज को एक नई दिशा प्रदान करें। इस अवसर पर उत्सव में नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत,पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद आलोक सिंह, पार्षद ममता यादव,दीपक यादव सहित भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता गण एवं शाह समाज के लोग उपस्थित रहे।

### नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



**कोरबा।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एससीईआरटी के माध्यम से एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसार अनुकूलित करके प्रयोग के तौर पर कक्षा छठवीं हेतु शैक्षणिक सत्र से लागू किया गया है, जिसके तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के मार्गदर्शन में विषय अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में 23 अगस्त को विकासखंड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा के आर दयाल ने 18 से 23 अगस्त तक चले पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन किया। हिन्दी विषय के मास्टर ट्रेनर बीआरजी श्रीमती विन्ध्येश्वरी खुंटे, भोलाराम साहू एवं मनोज कुमार पांडे ने तथा गणित विषय के मास्टर ट्रेनर बीआरजी मन्नु कुमार कर्ष, राहुल मिश्रा एवं देवव्रत कुर्रे ने विषय मॉड्यूल आधारित प्रशिक्षण दिया। हिन्दी के 63 एवं गणित के 58 मिलाकर विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के 121 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर दयाल ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया। फीडबैक में मास्टर ट्रेनर श्रीमती विन्ध्येश्वरी खुंटे ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना की।

## कर्मचारियों को जारी किया गया आवश्यक फरमान, की गई जांच

# त्यौहारी सीजन को लेकर जिला पुलिस अलर्ट मोड पर शराब दुकानों व आहातों का किया गया निरीक्षण



कार्यवाही करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

त्यौहार को लेकर जिले में समितियों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी है। गणेश उत्सव की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और उत्सव को शांतिपूर्ण संपन्न कराए जा सके इसके लिए जिला पुलिस अलर्ट मोड पर आ चुकी है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की टीम ने जिले के शराब दुकानों और हातों में पहुंची और उनका औचक निरीक्षण किया गया और कर्मचारियों को आवश्यक फरमान भी जारी किया गया।

आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जिला कोरबा में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत स्थित शराब दुकानों एवं आहताओं की सतत निगरानी एवं जांच करने के निर्देश दिया गया था। इसी कड़ी में शनिवार को जिले के शराब दुकानों व आहातों का औचक निरीक्षण किया गया। जिले भर में निरंतर चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके और नागरिक शांति एवं सुरक्षा के साथ त्यौहार मना सकें।

### त्यौहारों के मद्देनज़र पुलिस ने डीजे साउंड पर की कार्यवाही



आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जिले में शांति व्यवस्था एवं सार्वजनिक सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने विशेष निर्देश जारी किया है। इसी क्रम में डीजे साउंड सिस्टम द्वारा निर्धारित डेसिबल स्तर से अधिक आवाज में ध्वनि प्रदूषण फैलाने पर थाना उरगा, थाना पाली एवं थाना कटघोरा क्षेत्र में अलग-अलग डीजे संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। पुलिस ने प्रत्येक थाना क्षेत्र में एक डीजे संचालकों के विरुद्ध मामला दर्ज कर डीजे को जब्त करने की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट करते हुए कहा कि आगामी त्यौहारों में किसी भी प्रकार से कानून का उल्लंघन, ध्वनि प्रदूषण अथवा सार्वजनिक शांति भंग करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### गणेश उत्सव समितियों को भी जारी किया गया फरमान



गणेशोत्सव को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिलेभर में गणेशोत्सव समितियों की बैठक आयोजित की जा रही है। इस कड़ी में कटघोरा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर और एसडीओपी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने नगर एवं छुरी क्षेत्र की गणेशोत्सव समितियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में विशेष रूप से कटघोरा की जयदेवा गणेशोत्सव समिति, जो नगर का सबसे बड़ा आयोजन करती है, शामिल रही। इसके अलावा नगर की अन्य समितियों और छुरी में सक्रिय समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बैठक में सभी समिति सदस्यों से आयोजन की संपूर्ण जानकारी ली और पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव नगर की आस्था और सांस्कृतिक एकजुटता का प्रतीक है, इसलिए इसे शांति और सौहार्द्र के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## हत्या का प्रयास करने वाले तीन आरोपी भेजे गए सलाखों के पीछे



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मारपीट कर हत्या का प्रयास करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। मामला हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत राजेन्द्र कुमार प्रजापति के भाई रोशन प्रजापति पर उनके घर के पास ही आरोपियों के एक समूह ने नशे की हालत में धावा बोल दिया। घटना का कारण आरोपी सोमवार सिंह देव द्वारा गली में गाली-गलौज करने पर रोशन द्वारा उसे टोकना बताया जा रहा है। इसके बाद सोमवार सिंह देव ने अपने बेटे पृथ्वी, भतीजे शुभम गांगुली और अन्य साथियों के साथ लोहे का रॉड, लोहे का पंच और लकड़ी के डंडे से रोशन प्रजापति पर जानलेवा हमला किया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले में फरार चल रहे भिलाईबाजार निवासी सोमवार सिंह देव 56 वर्ष पिता स्व.कन्हैया लाल, पृथ्वी सिंह देव 19 वर्ष पिता सोमवार सिंह देव, शुभम गांगुली उर्फ गोलू 25 वर्ष पिता विमल कुमार गांगुली गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## तालाब अधेड़ की तैरती मिली लाश

**कोरबा।** दीपका थानांतर्गत ग्राम पंचायत ढुरैना के आश्रित ग्राम चाकाधमना के तालाब में शनिवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। इसकी सूचना दीपका पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्यवाही में जुट गई है तथा मामले की जांच भी शुरू कर दी है। राहगीरों ने शनिवार की सुबह ग्राम चाकाधमना के तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति के शव को पानी में तैरते हुए देखा और इसकी जानकारी ग्रामवासियों को दी, जिस पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और वस्तुस्थिति जानने के साथ दीपका थाना को सूचित किया। ग्रामीणों की सूचना पर दीपका पुलिस मौके पर पहुंचकर शव के पंचनामे की कार्यवाही की। मृतक का उम्र लगभग 50 वर्ष बताया जा रहा है। हालांकि उसकी अभी पहचान नहीं हो सकी है। पास में एक मोटर साइकिल भी मिला है जिसके आधार पर पुलिस मृतक के पहचान करने की कोशिश कर रही है।

# संभागीय खेल में जिले के खिलाड़ी दिखा रहे जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**
- पेंड्रा के बाद रायगढ़ व सक्ती में भी कराते, ताइक्वांडो और खो खो में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन
- जिला स्तर में आयोजित प्रतियोगिता में हुआ था चयन



खिलाड़ियों के साथ टीम कोच व मैनेजर।

शालेय खेलकूद कैलेंडर के तहत जिले में इस समय विभिन्न स्थानों में क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। जिला स्तर की प्रतियोगिताएं विद्युत गृह स्कूल में संपन्न कराई गई। जिनमें चयनित खिलाड़ियों ने संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में कराते, ताईक्वांडो और खो-खो में प्रदर्शन कर पुरुस्कार जीते और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में अपना स्थान बनाया।

शालेय खेलकूद कैलेंडर के अनुसार जिले में क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के लिए समय सारणी जारी की गई है। पूर्व की तरह इस वर्ष ग्रामीण अंचलों में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है जो कभी ब्लॉक मुख्यालय में हुआ करते थे। उनकी जगह अब दूरस्थ ग्रामीण अंचल में ब्लॉक स्तर की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। कोरबा ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता ग्राम गोढ़ी में आयोजित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में खेल प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए निर्देशित किया है ताकि ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ियों को ब्लॉक मुख्यालय तक न आना पड़े। शनिवार को रायगढ़ जिले के लिए जिले की टीम को साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल से जिला खेल अधिकारी के द्वारा रवाना किया गया। जिनमें मुख्य प्रबंधक पवन कंवर एवं सह प्रबंधक धर्मेंद्र चौहान शामिल हैं। बालक बालिका वर्ग की टीम 14, 17 एवं 19 वर्षीय वर्ग में भाग लेंगे। खो खो बालक के कोच पियूष पांडेय, मैनेजर कु असलेखा, खो खो बालिका में विवेकानंद गोपाल, वालीवॉल में निर्मल लकड़ा, वालीवॉल बालिका 19 वर्ष में कोच देवेंद्र सिंह राजपूत, मैनेजर कु चंचल पांडेय कस्तुरबा गांधी अतिथि शिक्षक इसके अलावा कुमारी नेहा जायसवाल कस्तुरबा कटघोरा, सुधीर राजपूत एवं साकेत शर्मा कोच बनाए गए हैं।

# जिला शतरंज चैंपियनशिप में प्रभमन व तनिषा बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**
- उद्योग मंत्री ने खिाड़ियों को किया पुरस्कृत



प्रतिभागी खिलाड़ी।

यह खेल मस्तिष्क की गहराई से जुड़ा हुआ है और इसमें धैर्य, एकाग्रता एवं रणनीति का विशेष महत्व है। जीत-हार खेल का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन सच्चा खिलाड़ी वही है जो हार से निराश न होकर उससे सीख लेकर और आगे बढ़ता है। प्रदेश सरकार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में तथा ऑल इंडिया चेस फेडरेशन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य जूनियर फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप के समापन अवसर पर कही। टूर्नामेंट के डायरेक्टर विनोद राठी रहे। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया और रोमांचक मुकाबलों के बीच कई उभरते सितारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छग राज्य शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी की धर्मपत्नी स्व. श्रीमती निर्मला राठी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया उसके पाश्चात समापन एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि इस तरह का आयोजन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समिति के समर्पण को भी दर्शाता है। भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने शतरंज को जीवन प्रबंधन की कला बताते हुए कहा कि यह खेल बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर सुश्री ऋतु चौरसिया, हितानंद अग्रवाल, अजय विश्वकर्मा, दिनु पटेल, नौशाद खान उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने पीपीई किट पहनकर सड़क की सफाई कर मांगी भीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सड़कों की सफाई करते स्वास्थ्य कार्यकर्ता।

छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शुरू हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल कोरबा जिले में पांचवें दिन भी जारी रही। अपनी मांगों के समर्थन में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए अनोखा प्रदर्शन किया।

इस दौरान उन्होंने पीपीई किट पहनकर, हाथों में झाड़ू लेकर सड़कों की सफाई की और धरना स्थल के आसपास दुकानों व राहगीरों से भीख मांगकर अपनी मांगों को रेखांकित किया। एनएचएम कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, वेतन विसंगतियों का समाधान, और स्थायी कर्मचारियों के समान सुविधाएं प्रदान करना शामिल है। कर्मचारियों का आरोप लगाते हुए कहना है कि वे पिछले कई वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, विशेषकर कोविड-19 महामारी के दौरान, लेकिन उनकी मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार से उनकी मांगों पर तत्काल कार्यवाही करने मांग की। माना जा रहा हैं की कोरबा में हुए इस अनोखे प्रदर्शन ने स्थानीय लोगों और प्रशासन का ध्यान खींचा है। इस हड़ताल से जिले में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जिससे आम जनता को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

## छात्रों से अवैध शुल्क वसूली की शिकायत पर एबीवीपी ने प्राचार्य से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई को यह सूचना मिली कि एमसीएमआईटी कॉलेज में छात्रों से टीसी एवं सीसी प्रमाण पत्र के नाम पर मनमाने ढंग से शुल्क वसूला जा रहा है। यह सूचना मिलते ही विद्यार्थी परिषद ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत कॉलेज प्रशासन से संपर्क साधा। एबीवीपी के जिला संयोजक निहाल सोनी, नगर मंत्री प्रवीण साहू एवं नगर सह मंत्री राहुल महंत कॉलेज पहुँचे और छात्रों की समस्याओं को विस्तार से सुना। प्रतिनिधिमंडल ने कॉलेज प्राचार्य से मुलाकात कर उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि इस प्रकार की मनमानी शुल्क वसूली छात्रहित के विरुद्ध है और इसे किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा।

# एसईसीएल विस्तार परियोजनाओं से प्रभावितों के लिए जयसिंह ने सीएमडी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




एसईसीएल प्रबंधन द्वारा जिले में संचालित कोरबा, कुसमुण्डा, गेवरा, दीपका सहित अन्य कोयला खदानों की विस्तार परियोजनाओं से प्रभावित ग्रामीणों के पुनर्वास को लेकर पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने इस संबंध में एसईसीएल सीएमडी को पत्र लिखकर प्रभावितों को रोजगार देने के साथ मुआवजा व बसाहट क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का उल्लेख किया है।

एसईसीएल सीएमडी को लिखे पत्र में श्री अग्रवाल ने कहा है कि प्रभावितों को रोजगार, मुआवजा और बसाहट क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक भवन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराए बिना मूल स्थान से विस्थापित करना नियमों के खिलाफ है। श्री अग्रवाल ने 30 मई को इस विषय पर पहला पत्र भेजा था, जिसके जवाब में एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से 2 अगस्त को पत्र जारी कर प्रबंधन ने दावा किया था कि कुसमुण्डा परियोजना विस्तार के तहत ग्राम जटराज (चंद्रनगर) का अधिग्रहण हो चुका है और सभी प्रभावित परिवारों को मुआवजा तथा पात्रता अनुसार रोजगार दिया गया है। साथ ही वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था भी एसडीएम कटघोरा की देखरेख में की जा रही है जो भ्रामक है। श्री अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि जिन 54 परिवारों को डेढ़ साल पहले सर्वमंगला नगर और दुरपा में बसाया गया था, उन्हें आज तक रोजगार और बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलीं। बसाहट क्षेत्र में केवल आधी-अधूरी नाली का निर्माण हुआ है, जबकि सामुदायिक भवन, सड़क, आंगनबाड़ी, मंदिर, स्वास्थ्य केंद्र, पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि कुसमुण्डा परियोजना विस्तार का अधिग्रहण चार चरणों में किया गया है, लेकिन बड़ी संख्या में प्रभावित खातेदार आज भी रोजगार से वंचित हैं। न तो कुसमुण्डा प्रबंधन और न ही प्रशासन ने उन्हें वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराया है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com

11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411